02

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 18 जनवरी 2023 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र | विक्रमी संवत 2079, अमांत-पौष, कृष्ण पक्ष एकादशी, मूल्य, 2.00 रुपए

युवा देश का भविष्य : केके गुप्ता

रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। **आज समाज**

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा 11 जनवरी से से 17 जनवरी मंगलवार तक प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी देने व युवाओं में जागरूकता लाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

गतिविधियों के प्रभारी इंचार्ज डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसके अंतर्गत सड़क सुरक्षा शपथ पर हस्ताक्षर, शपथ ग्रहण, भाषण, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, जागरूकता रैली आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। सुरक्षा के साथ समझौता, दुर्घटनाओं को न्योता आदि नारों के साथ ही 20 से अधिक स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा सप्ताह पर लोगों को जागरूक करते हुए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भागीदारी दर्ज कराई। सातवें दिन स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ डॉ. संजीव गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर डॉ सचिन गर्ग और डॉ. सीमा मलिक भी उपस्थित रहे।